# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / 2319, दिनांक 05–12–2025

सेवा में,

- परिसर निदेशक, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल।
- परिसर निदेशक, सर जे0सी0 बोस तकनीकी परिसर भीमताल।
- प्राचार्य / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, कु0वि0वि0 नैनीताल।

महोदय / महोदया,

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / 2310 दिनांक 01–12–2025 द्वारा सूचित किया गया था कि स्नातक / स्नातकोत्तर / व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य / बैक / एक्स के समस्त विषम सेमेस्टर (तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम) के परीक्षा आवेदन पत्र तथा ई0आर0पी0 पोर्टल पर बैक परीक्षा (स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) के ऐसे विद्यार्थी जिनका परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल में अद्यतन नहीं भरा गया है, हेतु मूल शुल्क का 100 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल खोला जायेगा।

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के सन्दर्भित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु **समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल दिनांक 05–12–2025 से 10–12–2025 की मध्य रात्रि 12 बजे तक मूल शुल्क का 100 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ खोला जा रहा है।**

अतः उपरोक्त विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रम में विधिवत प्रवेशित विद्यार्थी समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल में दिनांक 05–12–2025 से 10–12–2025 की मध्य रात्रि 12 बजे तक मूल शुल्क का 100 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

**नोट– परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के परीक्षा प्रभारियों से अपेक्षा की जाती है कि ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा दिनांक 10–12–2025 तक परीक्षा आवेदन पत्र व विलम्ब शुल्क जमा नहीं किया गया है ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।**

I/c कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निदेशक उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशालय, गौलापार, हल्द्वानी नैनीताल।
2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय अनुभाग), कु0वि0वि0 नैनीताल।
3. ई0 आर0 पी0 सैल, कु0वि0वि0 नैनीताल।
4. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

5/12/25

I/c कुलसचिव